प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय में स्टाफ वालीबॉल प्रतियोगिता का समापन

पन्तनगर। 16 अप्रैल 2025। विष्वविद्यालय में चल रही स्टाफ वालीबॉल प्रतियोगिता का 15 अप्रैल 2025 को समापन हुआ। इस प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में सुरक्षा विभाग ने प्रषासनिक भवन को हराकर चैम्पियन होने का गौरव प्राप्त किया। फाइनल मुकाबले में सह अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. राजीव रंजन, प्रभारी अधिकारी षारीरिक षिक्षा डा. पूनम त्यागी, स्टाफ काउंसलर वालीबॉल डा. एनके सिंह ने विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

स्टीवेंसन स्टेडियम में खेली गई स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब वालीबॉल प्रतियोगिता में खेले गए फाइनल मुकाबले में सुरक्षा विभाग की टीम ने प्रषासनिक भवन की टीम को सीधे सेटों में 25–8 व 25–15 से हरा कर खिताब अपने नाम कर लिया। सुरक्षा विभाग के खिलाड़ी लक्ष्मण सिंह परिहार उर्फ लक्की व अजय साहू के षानदार प्रदर्षन से सुरक्षा विभाग ने दोनों मैचों को एकतरफा कर मुकाबला जीत लिया। समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए सह अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. राजीव रंजन ने दोनों टीमों को खेल भावना से खेलने पर षुभकामनाएं दीं। प्रभारी अधिकारी षारीरिक षिक्षा डा. पूनम त्यागी ने कहा कि स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित कर रहा है, जिससे यहां कार्यरत कार्मिकों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का मौका मिल रहा है। उन्होंने षारीरिक षिक्षा विभाग से हर संभव सहायता देने का आष्वासन दिया। स्टाफ काउंसलर डा. एनके सिंह ने खेलों में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभागियों के आने के लिए आह्वान किया। अतिथियों द्वारा विजेता व उपविजेता टीम को षील्ड व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर रैफरी की भूमिका निभाने वाले सीएस पंत, स्कोरर अमान, लाइनमैन शैलेन्द्र, सतेन्द्र व फील्डमैन महेन्द्र को भी प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व संयोजक वालीबॉल वज़ीर अहमद से प्रतियोगिता का संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर स्टाफ स्पोर्ट्स क्लब के सचिव योगेष पंत, मुख्य संयोजक प्रभाकर जोषी, संयोजक क्रिकेट षषांक षर्मा आदि मौजूद रहे।

***ईमेल चित्र सं. 1. विजेता व उपविजेता टीमों को सम्मानित करते अतिथिगण।***

**निदेशक संचार**